**हैवानियत** ▶ तत्काल 4 पुलिस कर्मी सस्पेंड, पीड़ित को खाट पर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे परिजन

# गर्भवती महिला और पति से पुलिस ने किया अमानवीय बर्ताव

**नवभारत, बालाघाट।** जिले के किरनापुर थाना पुलिस पर गर्भवती महिला को चोरी का झूठा आरोपी बनाकर उसके साथ बेरहमी पूर्वक मारपीट करने का आरोप लगा है। सोमवार को घायल महिला के परिजन महिला को खाट पर लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, तो हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक मौके पर पहुंचे और उन्होंने मार से कराह रही महिला को तत्काल ही उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

यहां पर ही जिले के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा भी पहुंचे, जिन्होंने किरनापुर थाना के मारपीट की वारदात के समय उपस्थित 4 स्टाफ को तत्काल ही प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है ।मामले की जिम्मेदारी महिला एसआईटी की टीम को सौंपी है, जो एक सप्ताह में मामले की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी । उचित कार्रवाई करने के लिए महिला के परिजनों से सात दिनों का समय मांगा है।

पीड़ित ने बताया कि पुलिस के द्वारा उसके व उसकी पत्नी के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। दोनों को अलग-अलग कमरों में गाली-गलौज कर चौड़े बेल्ट व डंडे से मारपीट की गई, निजी अंगों में भी मारपीट की गई जिससे दोनों बेहोश हो गए थे। मारपीट के दौरान पत्नी को यह कहने के लिए मजबूर कर दिया गया कि उसने चोरी की है, जिसके बाद उन्हें घर छोड़ दिया गया था।

पीड़ित ने बताया कि अमानवीय मारपीट से पत्नी विगत पांच दिनों से बुरी व अधमरी हालत में पड़ी हुई है। वहीं पुलिस वालों ने धमकी दी है कि यदि कहीं शिकायत की तो किसी भी अपराध में तुम दोनों को गांव से बाहर कर देंगे।

मामले की जानकारी पूर्व सेना के जवान तोमेश्वर राहंगडाले व अन्य को मिलने पर वह सोमवार को घायल महिला, उसके पति व परिवार के सदस्यों को कलेक्ट्रेट कार्यालय लेकर पहुंचे और यहां पर मामले की उचित जांच करने के साथ ही झूठी एफआईआर को हटाने तथा मुआवजा देने की मांग की है।





इस पूरे मामले में जिले के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही पीड़ित का पुन: मेडिकल कराया गया । मामले के दोषी किरनापुर थाने के एक उप निरीक्षक,एक प्रधान आरक्षक सहित दो आरक्षक जिसमें एक महिला भी है ,को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है । पूरे मामले की जांच जिले से महिला अधिकारी की टीम बनाकर कार्रवाई जा रही है । जिसकी भी गलती होगी उसे बक्सा नहीं जाएगा ओर पीड़ित को पूरा न्याय मिलेगा ।

## पोस्ट ऑफिस में हुई थी चोरी

किरनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिमकीटोला निवासी कैलाश चौधरी ने बताया किं उसकी पत्नी सावित्री चौधरी 30 वर्ष दो माह की गर्भवती है। दो सितंबर को पोस्ट ऑफिस में चोरी हुई थी, जिस पर किसी तीसरे व्यक्ति द्वारा लगाए गए झूठे आरोप के आधार पर उसे व उसकी पत्नी को पुलिस ने घर से उठाया और बिना किसी ठोस व स्पष्ट कारण के थाना लेकर आई।

# आते ही स्कूल और गौशाला पहुंचे एसडीएम

▶ कटंगी में नवागत एसडीएम के औचक निरीक्षण से हड़कंप



**कटंगी नवभारत 8 सितंबर।** नवागत एसडीएम विजय सिंह यादव ने कटंगी का प्रभार ग्रहण करते ही शासकीय संस्थाओं के औचक निरीक्षण का अभियान तेज कर दिया है। उनके लगातार निरीक्षणों से जहां संस्थाओं की कमियां उजागर हो रही हैं, वहीं अन्य विभागों में हड़कंप मचा हुआ है।

मंगलवार दोपहर 2 बजे एसडीएम ने शासकीय माध्यमिक शाला कदेसरा और कतेदरा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ जनपद सीईओ गायत्री कुमार सारथी भी मौजूद थीं।

### बच्चों को पढ़ाया, मिड-डे मील चखा

एसडीएम जब माध्यमिक शाला कदेसरा पहुंचे तो बच्चों का मध्यान्ह भोजन अभी समाप्त ही हुआ था। एसडीएम ने सबसे पहले मिड-डे मील की जानकारी ली। आज मेनू में चावल, पुलाव और खीर थी। स्कूल प्रबंधन द्वारा रखा गया सैंपल मंगवाया गया और एसडीएम विजय यादव एवं जनपद सीईओ ने स्वयं उसे खाकर गुणवत्ता परखी। भोजन की गुणवत्ता बेहतर पाई गई।

इसके बाद एसडीएम ने कक्षाओं में बैठने की व्यवस्था और पीने के पानी की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान कक्षा 8वीं में विज्ञान का पीरियड चल रहा था। एसडीएम खुद क्लास में पहुंचे और ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को पढ़ाने लगे। उन्होंने पूर्व में पढ़ाए गए 4 अध्यायों में से 'सूक्ष्म जीव जगत 'पर बच्चों से सवाल-जवाब किए। बच्चे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर एसडीएम ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों को रटाने की बजाय सरल तरीके से विषय का ज्ञान कराएं, ब्लैक बोर्ड और स्मार्ट क्लास का अधिक उपयोग करें और बच्चों में प्रश्न पूछने की क्षमता और लीडरशिप डेवलप करें।

### गौशाला में मिलीं बड़ी अनियमितताएं

माध्यमिक शाला के बाद एसडीएम ने कतेदरा गौशाला का निरीक्षण किया तो वहां कई अनियमितताएं सामने आई। संचालक समूह ने 120 गायों के दर्ज होने की बात कही, लेकिन मौके पर कोई भी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करा सका। गायों के चारे में सिर्फ धान का पुआल पैरा मिला, अन्य कोई पौष्टिक चारा नहीं था। जबकि शासन द्वारा प्रति गाय 40 रुपये प्रतिदिन के मान से गौशाला को हर माह लगभग डेढ़ लाख रुपये दिए जा रहे हैं और जून माह तक की राशि का भुगतान भी हो चुका है। इसके अलावा लगभग 20 गायों के कानों पर टैग भी नहीं मिले। एसडीएम ने पशु चिकित्सक डॉ. दिग्विजय सिंह को शेष गायों की टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**एक नजर में**

### मोटरसाईकिल का धक्का लगने की बात पर बका, चाकू से हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत चारखम्बा में मोटर सायकल का धक्का लगने की बात पर दो भाईयों पर बका, चाकू से हमला कर दिया गया। जिसमें एक को गंभीर चोट आ गई। मेडिकल कालेज में उसकी हालत नाजुक बनी है। पुलिस ने बताया कि मोहम्मद जुनैल 20 वर्ष निवासी गली नम्बर 11 आजाद नगर मोहरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात रात लगभग 11 बजे अपने खाला के लड़का रिहान के साथ मोटर सायकल से नई बस्ती गोहलपुर जा रहे थे चारखम्बा के पास रूके थे, बाद मोटर सायकल में बैठकर मोटर सायकल पीछे करते समय वहां खड़े तनवीर उर्फ नौसाद को गाड़ी का धक्का लग गया इसी बात पर तनवीर उर्फ नौसाद विवाद करते हुये गाड़ी देखकर निकालने के लिये कहा तो तनवीर उर्फ नौसाद व तनवीर का भाई सोहेल दोनों विवाद करने लगे तनवीर उर्फ नौसाद ने जान से मारने की नियत से बका से हमलाकर रिहान के सिर, सोहेल ने चाकू से हमलाकर उसके गाल में आंख के नीचे चोट पहुँचा दी।

### दो रेस्टोरेंट में खाद्य विभाग का छापा

**जबलपुर।** गरुण दल के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सोमवार को नेशनल हाईवे पर स्थित पंचवटी एवं सांवरिया रेस्टोरेंट ढाबों में छापेमारी की। किचन और स्टोर में गंदगी मिलने पर नोटिस जारी किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण के दौरान किचन एवं स्टोर में साफ सफाई नहीं पाए जाने पर दोनों रेस्टोरेंट के संचालक को अधिनियम की धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि दोनों प्रतिष्ठानों से पनीर, राहर दाल एवं चावल के चार सैंपल भी परीक्षण के लिए लिए गए हैं। सैंपल राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे है।

### राष्ट्रीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बनाये गए भारत सिंह यादव

**जबलपुर।** लखनऊ में आयोजित हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से भारत सिंह यादव को राष्ट्रीय यादव महासभा मध्यप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति उदय प्रताप सिंह गुरूजी, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, सपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव, योगेंद्र सिंह मंडलोई, आर एन यादव ग्वालियर, मोतीलाल यादव, विनीता यादव, अनुप्रिया यादव, की उपस्थिति में की गई है।

# प्रेसिडेंट कप का धमाकेदार आगाज, एसपी आदित्य मिश्रा ने किया शुभारंभ, 20 टीमें दिखाएंगी दमखम

**नवभारत, बालाघाट।** खेल नगरी बालाघाट के ऐतिहासिक रेंजर कॉलेज खेल मैदान में शनिवार को खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बना। मौका था बालाघाट डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रेसिडेंट कप जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 के भव्य शुभारंभ का।

टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य जिले के ग्रामीण अंचलों में छुपी हुई फुटबॉल प्रतिभाओं को एक बड़ा और प्रोफेशनल मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को जिला ही नहीं बल्कि राज्य स्तर पर भी दिखा सकें।



इस टूर्नामेंट में जिले की कुल 20 नामी टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसकी मुख्य संकल्पना जिले फुटबॉल संघ के अध्यक्ष गौरव पारधी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के तेज-तर्रार पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा ने फीता काटकर, फुटबॉल की पूजा कर किक मारकर टूर्नामेंट का शानदार आगाज किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बालाघाट में फुटबॉल के प्रति जो जुनून है वो काबिले तारीफ है, पुलिस प्रशासन ऐसे आयोजनों को हमेशा सहयोग देगा।

# ट्रक और पिकअप में भिड़ंत, 6 की मौत, 7 घायल

**नवभारत, बालाघाट।** गोंदिया-बालाघाट हाईवे पर नागरा-मोहरनटोली के पास एक तेज रफ्तार ट्रक और पिकअप गाड़ी के बीच आमने-सामने की भयानक टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में पिकअप में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। हादसे में शामिल सभी लोग बालाघाट जिले के रहने वाले थे।

जानकारी के अनुसार, पिकअप में सवार सभी लोग काम के सिलसिले में हैदराबाद जा रहे थे। यह हादसा सुबह के समय हुआ। इस समय नागरा-मोहरनटोली के पास



पिकअप गाड़ी तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए. गाड़ी में बैठे कई लोग अंदर फंस गए थे।

मृतकों की पहचान आरुष मात्रे, किरण संतोष वैद्य, संतोष मात्रे, सुशीला मात्रे, रूपसेन सत्यकार और ज्योति सत्यकार के रूप में हुई है। सभी मृतक बालाघाट जिले के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले थे। वहीं, 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और गोंदिया ग्रामीण पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और लोगों ने मिलकर पिकअप में फंसे घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद सभी को इलाज के लिए केटीएस जिला जनरल अस्पताल, गोंदिया भेजा गया।घायलों में भूमेश्वर मात्रे, संगीता मात्रे, राजेंद्र पंचाले, लक्ष्मी पंचाले, संतोष वैद्य, राकेश बाहे और पिकअप ड्राइवर संदीप बाहे शामिल हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गोंदिया ग्रामीण पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# चांगोटोला पुलिस ने गांजा की खेती करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत, परसवाड़ा।** नशे की जड़ तक पहुंच रही बालाघाट पुलिस, ओडिशा में दबिश देकर गांजा की खेती करने वाले 02 आरोपी गिरफ्तार, 12 किलोग्राम गांजा एवं 02 मोबाइल फोन सहित कुल 06 लाख 17 हजार रुपये का मशरूका जब्त। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे नशे के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत बालाघाट पुलिस द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में थाना चांगोटोला में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक



76/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी जयकुमार नायक, दुलामनी गुआल एवं महेन्द्र मलिक को पुलिस रिमांड पर लेकर मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के संबंध में सघन पूछताछ की गई।

रिमांड के दौरान आरोपियों से की गई पूछताछ में ओडिशा में गांजा सप्लायरों एवं गांजा की खेती करने वालों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एवं सुराग प्राप्त होने पर बालाघाट पुलिस द्वारा विशेष पुलिस टीमों का गठन कर ओडिशा राज्य रवाना किया गया। बालाघाट पुलिस की विशेष टीमों द्वारा ओडिशा से आरोपी महेन्द्र मलिक की निशानदेही पर ग्राम सिगाड़ी, जिला बौध, उड़ीसा में गांजा की खेती करने वाले दो अन्य आरोपियों सुरेश वारिक एवं सदुमचरण उर्फ राजू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से कुल 12 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, जिसकी कीमत लगभग 06 लाख रुपये, एवं 02 मोबाइल फोन बरामद किए गए। कुल मशरूका की अनुमानित कीमत करीब 06 लाख 17 हजार रुपये है।

# दही हांडी कार्यक्रम बन गया है शहर की पहचान : जायसवाल

**नवभारत, वारासिवनी।** नगर के गांधी चैक पर जन्माष्टमी की इस साल भी विशिष्ट पहचान देखने को मिली। दही हांडी प्रतियोगिता मे पानी की तेज बौछार,गुलाल की होली,तेज डीजे शोर के बीच गोविंदाओं का उत्साह बढ़ाने श्रीकृष्ण भक्त भी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम मे ग्रामीण क्षेत्र की टीमो ने भी शामिल होकर बेहद उंची बंधी दही मटकी को फोडने का अनवरत प्रयास किया। और अंतत कंटगझरी की युवा टीम को इस कार्य मे सफलता मिल ही गयी।

बेहद लोकप्रिय व उर्जावान सांस्क्रतिक कार्यक्रम मटकी फोड़ प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री ने श्रीकृष्ण लीलाओं की तर्ज पर आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुये कार्यक्रम को नगर की पहचान बनने की ओर इशारा किया। उन्होने कहा की यह उत्सव भगवान श्रीक्रष्ण की बचपन की उस लीला को दर्शाता है, जिसमे वे व्रंदावन मे ग्वालबालो के साथ मिलकर गोपियो के घरो से मक्खन व दूध चुराया करते थे। आज युवाओ की उर्जा व सहभागीता को देखकर हमारी सोच भी पुरी हो रही है। हम



सभी को साथ लेकर नगर व क्षेत्र मे समान रूप से विकास की नयी गाथा लिखना चाहते है।

नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे ने जन्माष्टमी के महत्व को रेखांकित कर आयोजन की सराहना की। उन्होने कहा की आज कार्यक्रम मे बेहद सुंदर स्वरूप मे सजे हुये अनेक बालको को श्रीक्रष्ण के रूप मे देखकर बेहद प्रसन्नता भी हो रही है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा ने पूरे कार्यक्रम को कौमी एकता की पहचान निरूपित किया। उन्होने कहा की उनका बचपन भी इसी गांधी चैक मे व्यतीत हुआ है। इस स्थल पर सभी कार्यक्रम मे सभी की सहभागीता से बेहद सफल होते आये है। इसी तरह पूर्व पार्षद सुनील पिपरेवार ने ग्राम ग्राम से आये गोविंदाओं का मार्गदर्शन करते हुये कार्यक्रम को नगर के त्योहारों को भव्य और एक नयी दिशा देने की बात कही। आयोजक टीम की तरफ से पार्षद व नगर मंडल अध्यक्ष सन्दीप मिश्रा ने प्रस्तावना उद्बोधन देते हुए अनवरत 6 साल के इस कार्यक्रम के सफर को प्रस्तुत किया। उन्होने प्रथम वर्ष के छोटे आयोजन का जिक्र करते हुये कहा की आज 6 वे वर्ष मे यह कार्यक्रम सभी के सहयोग के कारण विराट रूप ले लिया है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित सर्वश्री उत्कर्ष कासल, अमित एरपुड़े,शैलेंद्र तिवारी,अरमान खान,समीर बिसेन,रितेश पटले आदि ने भी गोविंदाओं की टोली को मानव पिरामिड बनाकर दही मटकी फोड़ने की शैली की सराहना की।

# आपसी सुलह से मामलों का कराएं निपटारा, नेशनल लोक अदालत 12 को

**कटंगी नवभारत 8 सितंबर।** प्रणेश कुमार प्राण, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं सतीश शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के निर्देशन तथा सुश्री शबाना खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति कटंगी के मार्गदर्शन में 12 सितम्बर दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।




लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, जल कर बिल संबंधी प्रकरण चोरी के मामलों को छोड़कर सेवा मामले जो सेवा निवृत्त संबंधी लोगों से संबंधित हैं, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामले तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य, प्रि-लिटिगेशन मुकदमा पूर्व एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जावेगा। अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति न्यायिक मजिस्ट्रेट शबाना खान ने आम जनता से अपील की है कि न्यायालय में लंबित अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी सुलह से निराकरण करवाकर नेशनल लोक अदालत का लाभ उठावें।

# नपा परिषद के जनता दरबार में त्वरित निराकरण का प्रयास जनमानस में प्रसन्नता और विश्वास को बढ़ते देखा जा रहा है

**नवभारत, वारासिवनी।** नपा परिषद मे आज जनता दरबार मे इस सप्ताह भी प्रशासन और आम जनता के बीच सीधे संवाद का एक सशक्त माध्यम देखा गया। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके के द्वारा मौके पर ही समस्या के समाधान का प्रयास व त्वरित निराकरण जनता मे प्रसन्नता और विश्वास को बढाता देखा गया।

जनता दरबार मे आज सबसे पहले मुख्य मार्गो पर आवारा पशुओ के जमघट के विषय को प्राथमिकता दी गयी। सबसे पहले नपा की हाका गैंग से स्पष्टीकरण मांगा गया की अभी तक के निर्देश पर क्या कार्यवाही की गयी है। जिसमे सामने आया की गत सप्ताह नपा की टीम ने मुख्य मार्गो व गलीयो से कुल 49 पशुओ को पकडकर नगर की गौ शाला के सुपुर्द किया है।



जंहा से आवारा पशुओ के मालिको ने आज तक 10 पशुओ को छूडवाये है। इस जानकारी के बाद तत्काल इसी टीम को पुन आज से आवारा पशुओ को पकडने के निर्देश प्रदान किये गये है। साथ ही आवारा कुत्तो की बडती बेतहाशा संख्या को देखते हुये नपा परिषद ने इस विषय मे भी मंथन किया। किंतू पूर्व मे उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशो और डाग लवर्स की बार बार आपत्तियो के कारण समाधान के विषय मे विपरित स्थितीया देखी जा रही है। यह भी उल्लेखनीय है की इस विषय मे कोई भी व्यक्ति या संस्था इनको पकड़ने के विषय मे आगे नही आ रही है। फिर भी बेतहाशा बड गये आवारा कुत्तो को पकडने के विषय मे नपा परिषद किसी निर्णय पर पहुचने का प्रयास कर रही है। आज जनता दरबार मे बस स्टेड के कुछ दुकानदारो ने भी आकर नये बस स्टाप के निर्माण व इस कार्य मे उनकी दुकानो के प्रभावित होने के विषय मे चर्चा की। साथ ही नगर के एक परिवार के द्वारा आने जाने के रास्ते को प्रभावित करने और एक दुकानदार द्वारा पडोसी के दो शटर के मामले की शिकायत सामने रखी।

# एचसीएल मलाजखंड और आईआईटी कानपुर की साथी पहल ने आयोजित किया 'प्रगति 2026' कैरियर काउंसलिंग एवं जागरूकता सत्र

**नवभारत, बैहर।** शिक्षा मंत्रालय द्वारा आईआईटी कानपुर के सहयोग से विकसित साथी पहल और एचसीएल मलाजखंड के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को डी.ए.वी. स्कूल मलाजखंड स्थित साथी केंद्र पर एक दिवसीय करियर काउंसलिंग एवं जागरूकता सत्र 'प्रगति (जागरूकता, विकास, आकांक्षा, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार कार्यक्रम) 2026' का आयोजन किया गया। दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्कूल के बाद उपलब्ध करियर विकल्पों, उभरती प्रौद्योगिकियों, तनाव प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों से आए वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपने करियर से जुड़े सवालों के



जवाब प्राप्त किए। मुख्य अतिथि के रूप में अनिकेत शांडिल्य (आईएएस, एसडीएम) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री नागेश गोपालकृष्ण शेनोय (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर) उपस्थित रहे। वहीं श्री हिमांशु शेखर पानिग्रही (चीफ मैनेजर,सीएसआर एवं जनरल एडमिनिस्ट्रेशन) और श्रीमती प्रिया सचदेव (असिस्टेंट मैनेजर, ऑफिशियल लैंग्वेज) ने भी कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा छात्रों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडलों और नवाचारी परियोजनाओं के अवलोकन के साथ हुआ। इसके बाद डी.ए.वी. स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सुरुचि कटारिया ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत एवं सम्मान किया। सत्र के दौरान अतिथियों ने छात्रों को दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि मन में कुछ हासिल करने का दृढ़ संकल्प हो, तो विपरीत परिस्थितियां और संसाधनों की कमी भी सफलता के रास्ते में बाधा नहीं बन सकतीं।

कार्यक्रम में आधुनिक तकनीकों के रचनात्मक उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को शत्रु के रूप में न देखकर मित्र की तरह अपनाना चाहिए और इसका उपयोग प्रगतिशील एवं उत्पादक कार्यों के लिए किया जाना चाहिए। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान और अंडरवाटर टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों की बढ़ती प्रासंगिकता के बारे में भी छात्रों को जानकारी दी गई।